भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा उत्पादन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1097

05 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए

रक्षा विनिर्माण योजनाएं

1097. श्री पी.वी.मिधुन रेड्डी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार के आत्मनिर्भर कार्यक्रम के अंतर्गत आरंभ की गई केन्द्र प्रायोजित रक्षा विनिर्माण योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में आरंभ की गई ऐसी योजनाओं का प्रतिशत कितना है;

(ग) क्या सरकार का विचार देश के कम-विकास वाले क्षेत्रों में रक्षा उपकरण विनिर्माण को समान रूप से वितरित करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए सरकार द्वारा क्या रणनीति अपनाई गई है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) एवं (ख) : रक्षा मंत्रालय में रक्षा विनिर्माण के लिए कोई केंद्र प्रायोजित योजना नहीं है ।

(ग) से (ङ) : पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड और इसकी 41 आयुध निर्माणियों के निगमीकरण से 01 अक्टूबर, 2021 को गठित सात नव निगमित इकाइयों को मिलाकर सोलह रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (डीपीएसयू) हैं, जो देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैले हैं । इन रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों की मौजूदगी विभिन्न राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में हैं और ये सामूहिक रूप से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहे हैं ।

*****